Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 08-08-2005

Participants : Manjhi Shri Rajesh Kumar

>

Title : Need for four-laning of National Highway No. 2 between Gaya and Patna in Bihar

श्री राजेश कुमार मांझी (गया) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गया से होकर गुजरने वाली रोड पी.एम. क्वाडिलेटरल स्कीम वाली रोड एन.एच.-2 से मिलती है और यह राज्य की राजधानी पटना को एन.एच.-2 से जोड़ती है इसलिए इस रोड का विशो महत्व है। इसको चार लेन वाली रोड घोाित कर उस पर शीघ्रातिशीघ्र काम शुरू कराये जाने की आवश्यकता है। गया एक अंतर्राट्रीय महत्व का पर्यटक स्थल तथा बौद्धों एवं हिन्दुओं का अंतर्राट्रीय तीर्थस्थल है। इस रोड के चार लेन हो जाने से पटना और गया का सफर दो-पौने दो घंटे में तय किया जा सकता है जो कि पर्यटकों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा क्योंकि गया के लिए दिल्ली से अभी कोई फ्लाइट नहीं है। केवल पटना तक के लिए है और पटना से गया तक का बाई रोड का सफर साढ़े तीन-चार घंटे में पूरी होती है, इससे पर्यटक निरूत्साहित होते हैं।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि इस रोड को चार लेन वाला घोाित कर यथाशीघ्र इस पर काम लगाया जाये।